कायस्थ समाज को समर्पित
# चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन
कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

जयपुर, रविवार 16 मार्च 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 2 | अंक : 93 (पेज - 1)

## चित्रगुप्त जी मन्दिर के सुन्दरीकरण हेतु पांच लाख एम एल सी आशुतोष सिन्हा ने दिए



बलिया, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर दयाल शरण वर्मा एवं बलिया इकाई के कार्य समिति के सदस्य मुकेश कुमार श्रीवास्तव जी के प्रयासों से वाराणसी स्नातक क्षेत्र के एमएलसी माननीय आशुतोष सिन्हा जी ने भृगु आश्रम, बलिया नगर स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मंदिर के मार्बल के चबूतरे एवं रेलिंग सहित सुंदरीकरण के लिए 500000 ( पांच लाख ) की धनराशि निर्गत किया है । इसकी सूचना मिलते ही राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं बलिया जिला इकाई के पदाधिकारी गण में खुशी की लहर दौड़ गई सभी ने श्री सिन्हा के प्रति इस योगदान के लिए आभार व्यक्तकिया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने एमएलसी आशुतोष सिन्हा जी को इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया । उक्त आशय की जानकारी बलिया इकाई के जिला अध्यक्ष निषिद्ध श्रीवास्तव नीशू ने दिया ।

## श्री चित्रगुप्त पीठ व अखाड़े का होली महोत्सव संपन्न

चित्रांश एक्सप्रेस । जुल्हेंदी स्थित श्री चित्रगुप्त पीठ व अखाड़े के तत्वावधान में आश्रम प्रांगण में होली महोत्सव का आयोजन जगतगुरू चित्रगुप्ताचार्य पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद जी एवं सनातन सम्राट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। होली महोत्सव का शुभारंभ सभी आगन्तुक अतिथियों का चन्दन पटका सेण कर, गुरु वन्दना, बृज वन्दना व श्रीचित्रगुप्त वन्दना के साथ हुआ। महोत्सव में की सहभागिता से दर्शक श्रद्धयालुओं ने आत्म विभोर हो कर भरपूर भक्तिरस का आनंद लिया। सर्व श्री देवी चरण शास्त्री, विकल्प खरे एवं श्रीमती रुचि सक्सेना, राधिका सक्सेना व शिल्पा स्वरूप नीलम भटनागर, सविता सक्सेना, अलका सक्सेना द्वारा होली गायन किया गया। ललित स्वामी के समूह द्वारा राधा .ष्ण की होली मयूर नृत्य के साथ साथ बृज होली के रसिया भजन ने श्रोताओं भक्तों को भाव विभोर होकर नृत्य के लिये बाध्य कर दिया। आश्रम से भगवान श्री चित्रगुप्त की 51 फुट ऊंची प्रतिमा तक ढोल नगारे की धुन पर होली गायन नृत्य के साथ अवीर गुलाल की होली खेली गई। इस शुभ अवसर पर




महाकुंभ प्रयागराज में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले भक्तजनों को सनातन योद्धा स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी सम्मान से सम्मानित किया गया तथा श्री चित्रगुप्त अखाड़ा के पांच संतो का पट्टाभिषेक कर महामंडलेश्वर एवं श्री महंत की उपाधि से विभूषित किया गया चित्रगुप्त मंत्र लेखन करने वाले भक्तगण 27 लाख मंत्र लेखन कर नरेंद्र श्रीवास्तव के सानिध्य में मध्य प्रदेश से पदयात्रा कर श्री चित्रगुप्त पीठ पहुंचे जिनका सम्मान किया गया होली महोत्सव का समापन सनातन सम्राट श्री चक्रपाणी जी व जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य स्वामी सच्चिदानंद के आशीर्वाद के साथ सम्पन्न हुआ।

## भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस पर होगा कायस्थ समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

उज्जैन, चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ समाज शत प्रतिशत पढ़ा लिखा एवं जागरुक समाज है। समय की मांग को ध्यान में रखते हुए समाज के युवक-युवतियों को एक मंच पर लाकर अच्छे जीवन साथी मिले ऐसी परिकल्पना के साथ वैशाख शुक्ल की सप्तमी यानी भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस पर एक भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन रखा जावेगा जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से पंजीयन लिए जा रहे है। जल्द ही पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष बैठक रखी जाएगी। यह बात श्री चित्रगुप्त धाम अंकपात पर आयोजित कायस्थ समाज की बैठक में महासभा के राष्ट्रीय मंत्री एवं श्री चित्रगुप्त धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कही। आगामी कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमित श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त धाम पर चल रहे निर्माण कार्य की प्रशंसा की। बैठक उपरांत सभी ने भगवान चित्रगुप्तजी के समक्ष एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं होली की भाईदूज पर महाआरती में सम्मिलित होने का आग्रह किया। बैठक में विशेष रूप से उपाध्यक्ष युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गणेश गौड, प्रबंध न्यासी दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव भारत सक्सेना, मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव, कार्यालय मंत्री बृजेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सीए अनुभव प्रधान, निखलेश खरे, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, मदन गोपाल श्रीवास्तव, अनिल






भगवान चित्रगुप्तजी के समक्ष एक दूसरे को लगाया रंग, भाईदूज पर महाआरती में सम्मिलित होने का किया आग्रह

श्रीवास्तव, संजू श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अतुल सक्सेना, चेतन श्रीवास्तव, प्रियांश श्रीवास्तव, आशीष अष्ठाना सहित समाजजन उपस्थित रहे। संचालन सचिव भारत सक्सेना ने किया एवं आभार मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने माना।

## सम्पादकीय



### रवि माथुर

### कभी भी वहां मत रहो, जहां तुम्हारी कद्र न हो!

एक पिता ने अपने बेटे से कहा, 'तुमने सम्मान के साथ स्नातक किया है। यह एक वॉल्क्सवैगन बीटल है, जिसे मैंने कई साल पहले खरीदा था...

यह 50 साल से भी पुरानी है, लेकिन इसे तुम्हें देने से पहले, इसे शहर के एक डीलरशिप पर ले जाओ और पूछो कि वे इसे कितने में खरीदेंगे।

बेटा डीलरशिप पर गया और वापस आकर बोला, 'उन्होंने केवल 2,000 पेसो की पेशकश की क्योंकि यह बहुत पुरानी और इस्तेमाल की हुई लगती है।'

पिता ने कहा, 'इसे एक pawn shop ( गिरवी रखने वाली दुकान ) पर ले जाओ।'

बेटा वहां गया और वापस आकर बोला, 'उन्होंने सिर्फ 10,000 पेसो की पेशकश की क्योंकि उनका कहना था कि यह बहुत पुरानी है।'

आखिर में, पिता ने बेटे से कहा कि वह इस कार को एक क्लासिक कार क्लब में ले जाकर दिखाए। बेटा क्लब गया और वापस आकर बोला, 'वहां कुछ लोगों ने मुझे 10 लाख से 20 लाख पेसो तक की पेशकश की, क्योंकि यह कार बहुत दुर्लभ है और क्लब के सदस्यों के बीच इसकी बहुत मांग है।'

पिता ने मुस्कुराते हुए बेटे से कहा, 'मैं चाहता था कि तुम यह समझो कि सही जगह पर ही तुम्हारी सही कद्र होती है। यदि कोई तुम्हारी कद्र नहीं करता, तो नाराज़ मत होना, इसका मतलब सिर्फ इतना है कि तुम गलत जगह पर हो। तुम्हारी असली कीमत वही लोग समझेंगे जो सच में तुम्हें महत्व देते हैं। कभी भी वहां मत रहो, जहां तुम्हारी कद्र न हो!'



# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## सफ़र ए जिंदगी

अक्सर कहा जाता है......!!
सफ़र ऐ ज़िन्दगी बहुत लम्बा है
किसी की पूरी हो जाती हैं ख्वाहिशें
किसी की बस अधूरी ही रहती हैं।
किसी को मिल जाती हैं मंजिलें,
और किसी की ताउम्र राहों में कटती है।
पर जानते हैं दोस्तों इस जिंदगी का
सबसे लम्बा सफ़र कौन सा होता है
इस सफर का तय रास्ता एक मन से
दूसरे मन तक पहुंचने के लिए होता है।
लेकिन जब तक वहां उस मन तक
पहुंचने की बारी आती है......!!!!!
अक्सर इसमें बहुत देर हो जाती है।
क्योंकि इसकी राह को तय करने में
इंसान या तो हारकर बैठ जाता है
या फिर उसकी राहें बदल जाती है।
और फिर से वही हार बस .....!!!
उसके हिस्से में आती है ....!!!!!
बस इतना याद रखिएगा...........
उस मंजिल तक पहुंचना है तो
संयम विश्वास और आपकी सच्ची,
आस्था ही इसकी चाबी है बस
इसके लिए पहल खुद करनी होगी
छोड़कर जनाब यह कि पहले
तुम्हारी बारी है.......!!!!!!

सीमा शर्मा 'तमन्ना'
नोएडा उत्तर प्रदेश



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## स्त्री मन

स्त्री मन कोमल रहस्य भरा
चाहे वो सबका ही है भला ।
समुद्र सा अथाह विश्वास भरे
पल- पल समर्पण है उसका ।।

कहीं ममता की छाया है बनी
कहीं प्रेम का आँचल लहराया ।
कर्तव्य शिखर पर चलती रही
आनन्द ज्वार उमड आया ।।

आहत हृदय जब उसका हुआ
दुर्गा- काली अवतार लिया ।
बन लक्ष्मीबाई मर्दानी
शत्रु को चकनाचूर किया ।।

पद्मिनी बनी, जौहर है किया
स्वाभिमान से सिर को उठा लिया ।
सिर काट ,दिया जब क्षत्राणी
अस्तित्व की नई कहानी बना ।।

नारी मन थाय न पाया कोई
जग जीवन की मुस्कान बना ।
त्याग की प्रतिमूर्ति है मन
कन्या से देवी पूजन बना ।।

भोर की आस किरन मन बना
कभी रिमझिम बूंदे है बरखा ।
कभी सूरज जैसी तपिश बना
तो चन्द्र की शीतल किरण बना ।।

प्यार की गागर भर-भर कर
विश्व ब्रम्हाण्ड रचाता चला ।
दिये की तरह खुद जलता रहा
दुनिया को उजाला देता चला ।।

पुरुष सफलता का राज बना
प्रभु का दिल उसमें धडका ।
प्रभु का हैरत मन है पडा
स्त्री मन जान नहीं पाया ।।

डॉ. छाया शर्मा,
अजमेर, राजस्थान



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## वर्षों पहले लिखी चिठ्ठियाँ....

वर्षों पहले लिखी चिठ्ठियाँ
लगतीं अब अनमोल धरोहर ,
टूटे बक्से के कौने में
वह बिसरा संसार मिला है ।।

मिले सिसकते हुए लिफाफे ,
पोस्टकार्ड सहमे सहमे से ।
अन्तर्देशी पत्र व्यथित थे ,
बचे स्वयं ही कुछ कहने से ।
मैं अतीत में झाँक रहा था
मन के चित्र पटल को पढ़ कर ।
स्याही, कलम ,दवात लिए हम
कैसे लिखते थे गढ़ - गढ़ कर ।
कागज पर उभरे वर्णों में ,
भावों की सरिता बहती थी,
शब्द हृदय जल से जब सींचे,
तब जग उपवन प्यार खिला है ।।

चिठ्ठी लिखना , पता छापना
फिर वह डाक डालने जाना ।
और प्रतीक्षा में उत्तर की
नित विह्वल मन को समझाना ।
आशा और निराशा का
यह खेल रात दिन खेला था।
चूमी कभी खुशी में पाती
कभी अनमना मन झेला था ।
कैसे असमंजस जीते थे ,
दूर कहीं एकाकीपन का ,
सुखद संदेशों की ढेरी में
वह दुःख वाला तार मिला है ।।

मन करता है एक- एक कर ,
पत्र सभी फिर पढ़ डालूँ मैं ।
टूट गया जो चित्र समय का
फिर से उसको मढ़ डालूँ मैं ।
संबन्धों को जिन्दा कर के
भावों को मैं जीवन दे दूँ ।
स्वार्थ खा गया जिन अपनों को,
मैं उनको अपनापन दे दूँ ।
खोए अर्थ तलाश रहा हूँ ,
नीले , पीले मौन खतों में ,
सच बोलूँ तो उन पत्रों में ,
मुझको जीवन सार मिला है ।।

देवेन्द्र सिंह



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## स्त्री को समझना आसान नहीं

हाँ तुम कह चुके हो,
मेरा इंतज़ार कर रहे हो......
इंतजार मुझे भी रहता है मैसेज का,
फोन का, समय का, अपनापन का,
कुछ अनकहे भावार्थ का.....
पर क्या सब कुछ आसान होता है ?
किसी भी उम्र में यौवन जवान होता है ?

आज लोग अपनो से ज्यादा गैरो में घूल गए है,
हर सीमा लाँघकर अपनो को भूलते गए है ।

चाहती है सदियो से स्त्रियाँ, कोई अजीज हो,
जिससे कह सके वो सारी परेशानियाँ, हैरानियाँ
गुप्त बाते, बची हुई मासूमियत, सब कुछ....
पर क्या सारी परेशानी कह पाती है ????

स्त्री को समझना आसान नहीं,
अभी कुछ है, तो कभी कुछ बन जाती
किसी को सिरोधार्य तो किसी को घास तक न डालती....

शादी के बाद से की सारी भावनाओ का अर्थ,
जीवन साथी दोस्त बना तो ठीक, नहीं तो व्यर्थ ।
अपनी उद्विग्न, उद्वेलित प्रेम से नहीं,
समाज से डरती है,
घर परिवार में बेइज्जती से डरती है ।

जैसे डेंगु का इलाज मलेरिया नहीं कर सकता,
वैसे ही परिवार की बाते पति से नहीं कह सकती,
इसलिए ढूँढती है अनजान, अनाम-सा मित्र,
जिसे दोस्त..., अरे नहीं, पक्कमपक्की दोस्त मान सके,
आकर्षक और प्रेम से ऊपर बिन नाम का रिश्ता दे सके ।

जिससे लगाव तो नहीं, पर उसके बिन अभाव जरूर लगे,
जो चिंतन करता हो, मनन करता हो, सच्चाई दिखाता हो,
दिल के शहर में आने की जिद नहीं बल्कि इंतजार करता हो,
इंतजार फोन का, इंतजार मैसेज का, इंतजार मस्ती का,
इंतजार खुलेपन का, इंतजार सुरक्षित भाव का......... ।।

प्रतिभा पाण्डेय 'प्रति' चेन्नई



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## ग़ज़ल

हुस्न पे जब शबाब आया है।
आशिकों पे अज़ाब आया है।

प्यार में झूमता है दिल ऐसे,
जैसे पीकर शराब आया है।

छत पे आहट है इक परिंदे की,
उसका शायद जवाब आया है।

मुझसे होने लगी मुहब्बत क्या,
उसके ख़त में गुलाब आया है।

दिल की दुनिया में रोशनी करने,
बनके वो आफ़ताब आया है।

याद करता है वो मुझे शायद,
रात उसका ही ख़्वाब आया है।

दिल में तन्हाईयों का डेरा था,
इश्क़ से इंकलाब आया है।

खैरमक़्दम है उनके दिल का यूँ,
जैसे कोई नवाब आया है।

उसको तेरे वक़ार पे 'ममता'
प्यार क्या बेहिसाब आया है।

ममता मंजुला



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## ग़ज़ल

दिल में एहसास जो जगा है अभी
कुछ अनोखा है, कुछ नया है अभी

उसमें थोड़ी बहुत हया है अभी
फूल चाहत का अधखिला है अभी

सौंप दें जिसको सल्तनत दिल की
कोई ऐसा नहीं मिला है अभी

आरज़ू है यूँ हीं रहे कायम
ये जो रिश्ता तेरा मेरा है अभी

कुछ भी अच्छा बुरा न समझेगा
दिल मुहब्बत में बावरा है अभी

दिल से दिल मिल चुके हैं फिर बोलो
दरमियाँ क्यों ये फासला है अभी

फ़र्ज़ करने अदा हैं बहुतेरे
हार कर बैठना मना है अभी

हीरालाल यादव हीरा



डॉ. प्रीति चौबीसा

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन


## बेख़ौफ़ मोहब्बत

अगर मोहब्बत मेरी बेखौफ ना होती, तो जमाने का डर मुझे घेर लेता।
अगर विश्वास तुझ पर ना होता, तो ये सांसें मेरी थम जाती।

अगर कसक मुझ में न उठती, तो तेरी कमी मुझे खटकती,
अगर मोहब्बत मेरी बेखौफ ना होती, तो मेरी मोहब्बत अधूरी होती।

अगर इश्क में तेरे मौत भी आ जाती, तो मौत में भी जिंदगी मिल जाती।
अगर मोहब्बत मेरी बेखौफ ना होती, तो दर्द के दरिया में डूब जाती।

अगर इश्क में तेरे बेखौफ ना होती, तो हर जगह तस्वीर तेरी नजर न आती।
अगर मोहब्बत मेरी बेखौफ न होती, तो तुझसे जुदा होने के डर से मर जाती।



कुसुम शर्मा अंतरा,
जम्मू कश्मीर

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## ग़ज़ल

सजी महफ़िल है लेकिन दिल से तनहाई नहीं जाती
हकीक़त इस फ़साने की तो झुठलाई नहीं जाती

हमारे ज़र्फ़ को मिट्टी में ही मिलना था इस खातिर
ज़माने ने जो दी हमको वो रुसवाई नहीं जाती

तुम्हारे पास हम कितने हैं ये तो जानते हैं हम
ये दिल की बात है सबको जो बतलाई नहीं जाती

मुहब्बत करने वालों को कहां होता है कुछ हासिल
मगर दुनिया को ये बातें तो समझाई नहीं जाती

जनाजे ज़िंदगी हर पल यहां कितने उठाती है
लबों पे बात ऐसी पर कभी लाई नहीं जाती



शोहरत जौनपुरी

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

आँखों में आ के वो मेरे दिल में उतर गया !
ऐ इश्क़ आज तेरा मुकद्दर सँवर गया !!
मन्ज़िल की राह में है रुकावट मेरे लिए !
ये जान कर ही दिल से ख्याल-ए-सफ़र गया !!
इस बात की दलील है ईमान की कमी !
वो राहे हक़ को छोड़ कर जाने किधर गया !!
किरदार ऐसा पेश किया हमने दोस्तो !
दुश्मन भी दोस्त बनते ही दिल में उतर गया !!
वाबस्तगी कुछ ऐसी है उसके हमारे बीच !
वो बेअसर हुआ तो हमारा असर गया !!
जब जान उसकी खौफ़ के चंगुल में आ गयी !
परछाइयों से अपनी ही वो शक्स डर गया !!
मेहनत से जो बनाया था बच्चों के वास्ते !
ऐ ज़ालिमों बताओ मेरा घर किधर गया !!
दरिया खुशी से झूम उठा सुन के ये खबर !
लहरों में पुरखतर जो भँवर था वो मर गया !!
ये चाँद क्या बतायेगा सूरज से पूछिए !
क्यूँ आसमाँ चमकते सितारों से भर गया !!
शोहरत यही है मेरी किताबों का सानिहा !
हर एक वरक़ को जिनके चूहा कुतर गया !!

## राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार एवं बाल साहित्यकार सुधीर सक्सेना 'सुधि' को मिला विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान

नेपालगंज, लुंबिनी चित्रांश एक्सप्रेस। हाल ही नेपाल की ख्याति प्राप्त संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित ऐतिहासिक महत्व के गौरवशाली विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार एवं बाल साहित्यकार सुधीर सक्सेना 'सुधि' सहित विभिन्न क्षेत्रों की अन्य 100 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है। सुधीर सक्सेना 'सुधि' को उनके द्वारा किए गए हिंदी बाल साहित्य सृजन के लिए विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया ।

देश विदेश की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, देवनागरी लिपि के सरंक्षण संवर्द्धन, नेपाल भारत बीच मैत्री संबंधों को सुदृढ़ बनाने तथा नेपाली हिंदी भाषा को दोनों देशों की मैत्री भाषा बनाने में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से इस समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में नेपाल, भारत, अमेरिका तथा तंजानिया से सौ बहुक्षेत्रीय प्रतिभाओं को विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान ( वर्ल्ड टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड ) से सम्मानित



किया गया। समारोह के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु, प्रमुख अतिथि नेपाल सरकार लुंबिनी के कृषि तथा भूमि व्यवस्था मंत्रालय के निकृमंत्री भंडारी लाल अहीर, तथा विशिष्ट अतिथि नेपाल सरकार लुंबिनी के वन तथा वातावरण मंत्रालय के निकृमंत्री बादशाह कुर्मी, विशिष्ट अतिथि डॉ जसभाई पटेल, विशिष्ट अतिथि कमल सिंह बैद ने आइडल प्रतिभा सुधीर सक्सेना 'सुधि' को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, मैडल, अंग वस्त्र, रुद्राक्ष माला तथा नेपाली टोपी पहना कर सम्मानित किया। समारोह में 18 राज्यों से 53 महिला तथा 47 पुरुष प्रतिभाओं की सहभागिता रही। संस्था की ओर से सलाहकार ध्रुव राज शर्मा ने अपने स्वागत मंतव्य से अतिथियों का स्वागत किया था। कार्यक्रम में मंचासीन, अवॉर्डी तथा दर्शक सहभागी सहित 200 लोगों की सहभागिता थी। समारोह का संचालन आचार्य खेमचंद यदुवंशी शास्त्री ने किया था।

## सातवीं राज्य स्तरीय पैरा पावर लिटिंग में जोधपुर के मिलन को मिला स्वर्ण पदक

जोधपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। जयपुर के शिवा एके- डमी में आयोजित सातवीं राज्य स्तरीय पैरा पावर लिटिंग प्रतियोगिता में जोधपुर के मिलन कुमार श्रीवास्तवे ने 97 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम कर कीर्तिमान स्थापित किया। मिलन ने अपने प्रथम प्रयास में 125 किलोग्राम, द्वितीय प्रयास में 135 किलोग्राम और अंतिम प्रयास में 142 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता । मिलन इससे पहले भी लगातार छह बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में तीन बार रजत पदक जीत चुके हैं। मिलन ने बताया कि इस उपलब्धि में जोधपुर की बॉसफिट जिम के कोच फिरोज खान की मेहनत और निशुल्क प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण योगदान है।



दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन राजस्थान के सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर ने बताया कि मिलन कुमार श्रीवास्तव 16 से 18 मार्च को नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।


अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



स्व. श्री अतुल कुमार माथुर

शोकाकुलः

किशनबिहारी-ऊषा, हरगोविंद दयाल-शकुंतला, आशा, ओमप्रकाश-प्रभा, दिनेश चंद्र-संतोष, प्रेमप्रकाश, चंद्रप्रकाश-निर्मला, योगेश चंद्र-प्रभा, रूपप्रकाश, संजय-प्रीति, मोहित-आरती, प्रवीण-प्रभा, पंकज-आभा, अंकित-सारिका, शशांक-प्रियल, शुभम, अनुपमा-राहुल, दीप्ति, अंजलि-मनुज, शेफाली-आशीष एवम् समस्त मंडावा परिवार।

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

डॉ. अरुण सक्सेना, संपादक | रवि माथुर, सह- संपादक | धर्मेन्द्र जौहरी, संरक्षक

अभाकाम संस्था

अजीत सक्सैना, अध्यक्ष, अभाकाम संस्था | रतन सक्सैना, उपाध्यक्ष, अभाकाम संस्था | सुनील कुमार श्रीवास्तव, संगठन सचिव, अभाकाम संस्था

शियाने राधेगोविन्द माथुर, अध्यक्ष, नलिनी फाउडेण्शन | मधुप कुमार सक्सैना, कोर्डिनेटर, अभाकाम संस्था | शशाक माथुर, सचिव, अभाकाम संस्था


## समान उपजाति मे शादी – अम्बुज सक्सेना



चित्रांश एक्सप्रेस । आज ग्रुप में एक पोस्ट देखी.. पोस्ट का सार था कि कायस्थ अपनी ही उपजाति मे शादी क्यों करते है अन्य उपजाति मे शादी क्यों नहीं करते हैं . जैसे श्रीवास्तव श्री वास्तव में, माथुर माथुर मे , शादी करते हैं ।क्या अन्य उपजाति वाले कायस्थ, कायस्थ नहीं है हम 12 भाई पूर्ण रूप से कायस्थ है और कायस्थ ही रहेगे... लेकिन जब बात शादी की आती है तब माथुर माथुर मे ही, श्रीवास्तव श्रीवास्तव में ही, सक्सेना सक्सेना... मे ही शादी करते हैं। यह लगभग सत्य बात है क्या आप लोगों ने कभी यह जानने की कोशिश की कि ऐसा क्यों है... चलिए आज आपको बताते हैं ऐसा क्यों है.. श्रीवास्तव, श्रीवास्तव मे, माथुर माथुर मे ही शादी करना पसंद करते हैं और कोशिश होती है कि एक ही राज्य या एक ही बेल्ट के लोग हो और उसका सबसे बड़ा कारण था कि एक ही उपनाम के लोगों के रीति रिवाज लगभग एक जैसे ही होते हैं जिससे कि दोनों पक्षों मे सामंजस्य स्थापित होने पर कारगर था एक ही क्षेत्र के लोगों के रीति रिवाज भी लगभग एक जैसे ही होते हैं.. एक बात और है कि हम किस प्रदेश और किस क्षेत्र में निवास करते हैं ये भी बहुत महत्वपूर्ण है.. जैसे कोई बरेली में रहता है तब वहां सक्सेना ही सबसे ज्यादा मिलेगे, अगर बिहार की तरफ या पूर्वी उत्तर प्रदेश जायगे तब श्रीवास्तव , सिन्हा आदि सबसे ज्यादा मिलेगे, बंगाल में बोस, दत्त आदि ज्यादा मिलेगे... और जिस क्षेत्र में जो ज्यादा होगा उसी सरनेम से शादी होगी और अमूमन लोग अपने जान पहचान से ही शादी करते हैं और आज भी बहुत ही कम होगा कि किसी बरेली वाले की जान पहचान सुदूर बिहार में हो. आसपास शादी से एक फायदा ये भी है कि लोगों को पता चल जाता है कि अमुक व्यक्ति कायस्थ है या नहीं.. सुदूर मे ये पता करना कि कोई कायस्थ है या नहीं बहुत ही मुश्किल काम है वैसे मेरे घर में मेरी भाभी कुलश्रेष्ठ है, और दो बहुओ मे एक सिन्हा और एक कुलश्रेष्ठ एवं दामाद श्रीवास्तव है ।

## जेईसीसी ऑडिटोरियम में IIFA Awards 2025 का भव्य आयोजन



जयपुरः चित्रांश एक्सप्रेस ने जयपुर स्थित JECC ऑडिटोरियम में IIFA Awards 2025 के भव्य आयोजन में शिरकत करने पहुंचे फिल्म इंडस्ट्री के सितारों को कवर किया । संपादक वेदान्त सक्सेना ने डायरेक्टर राकेश रोशन, अभिनेता राजपाल यादव, गायक जुबिन नौटियाल, डायरेक्टर अनीस बज़्मी, अभिनेत्री सुनीता राजवार, अभिनेता फरदीन खान, कुणाल खेमू, राघव जुयाल, कॉमेडियन सुरेश अलबेला, निखिल द्विवेदी, संजना सांघी, जैसे मशहूर फिल्मी सितारों से उनके IIFA के साथ सफर, नॉमिनेशन और अवाड्र्स पर गहन चर्चा करी । अडानी ग्रुप और एयरपोर्ट ऑथोरिटी के साथ चित्रांश एक्सप्रेस की टीम ने बेहतरीन सामंजस्य स्थापित कर जयपुर आए मेहमानों का स्वागत और आभार प्रकट किया।

जिस घर रहता माँ का रूप
साकार,
सहज ही पोषित हो पाता
परिवार।
चाहे सूखी बासी हो,चाहे तर
और ताजी हो।
मैया करती भरसक यत्न,
जिसमें सब राजी हो।
माँ के होने से दरो दीवार
महके,
खुशी रचे-बसे,बेफिक्र मन
चहके।
ध्यान माँ का तुम भी रखलो,

थोड़ा मन उसका भी रखलो।
जो भी मन में है चाह उसके,

नेकभर वह भी तो कर लो।
क्योंकि हो जाती सब पर
निहाल
अपने सपने सारे वार ।
चूड़ी पायल उसकी बजती यूँ

जैसे घंटी बजती मंदिर द्वार।
माँ पीढ़ी दर पीढ़ी चलाती
रीत,
करके रोपित सुसंस्कार।
अपनाकर माँ की हर सीख,
बेटियाँ दिल जीत पाती प्यार
घर बच्चों में माँ जीती है
पर सदा कहाँ वो रहती है।

एक दिन जीवन हार,
चली जाती परमात्मा द्वार।
आंगन हो जाता मौन
जताए कौन माँ सा प्यार ।
बस एक टीस रह जाती,
हर बार आँखें छलक जाती।
सच है माँ न होकर भी
बच्चों के साथ होती है।
नैन नक़्श,व्यवहार में
माँ की ही छाप होती है।
डॉ.अंजु सक्सेना



MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-8-8-1994
T.O.B. :-10:10 PM
P.O.B. :-Sawai madhopur Rajasthan
Gotra :-kashyap
Height :-5' 6"
Manglik :-
Edu. :-MA History , computer accounts micro soft.excal
Job :-
F.Name :-Manoj Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs Mithlesh Shrivastava
Address :-Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan
Mob :- 9079838646 9694404520



SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B.:- 06-07-1990
T.O.B.:- 06.50 p.m.
P.O.B.:- New DelhiGotra
father:- Kashyap Gotra
Height:- 5' 3" Mangali:- No
Qualifications:-Graduate
Job:- MNC - Planon India, Hyderabad
Annual income:- 22.5 LPA
Father : Anil Saxena Retired as Section Officer from Min. Of Finance
Mother: Manju Saxena
Address:- Gaur City-1, Noida Extension, Gautam Budh Nagar, UP Anil Saxena 9013376454Manju Saxena 9868886145



PRAGYA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

DOB: 04/10/1999
Birth Time: 20:12 pm
Birth Place: Lucknow E
ducation: B.com (Hons), M.com, B.ed
Pursuing: PhD in commerce (Marketing subject ) from Amity University, Lucknow
Current job : Working in Flipkart as a business development manager
Mother Name: Reeta Saxena
Father Name: Dinesh Saxena
Home town: Sitapur, Uttar Pradesh
Current Residence: Lucknow
Contact number - 7317006311 , 7081401463



PRIYANKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

Birth Date : 27-08-1997
Birth Place : Azamgarh U.P.
Birth Time : 6:30 AM
Mangalik : No
Gotra : Kashyap
Education : (B.Com, M.Com).
F Name : Mr. Ashok Kumar Srivastava

Add.:ANC/045,Azad Nagar ,Kanpur Road near Amausi Airport Lucknow

Contact : 7007623189,9452372982, 9118733277



AKANSHA SRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-16 th Dec, 1990
T.O.B. :-03:30 PM
P.O.B. :-Agra (Uttar Pradesh)
Gotra :-Urmara
Height :-5 F 6 Inch
Manglik :-
Edu. :-MCA
Job :- Sr Software Engineer in Teleperformance Gurgaon
Income :- 15.5 LPA.
F.Name :-Mr. Rajnikant Kulshreshtha
M.Name :-Mrs. Meena Kulshreshtha
Address :-H No: 232, Patholi Fateh Pur Sikri Road, Shahganj Agra. 283105.
Mob :- 9258458981 8285673877



HIMANSHU KULSHRESHTHA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-16 October 1992
T.O.B. :-3:07 pm
P.O.B. :-Mathura, Uttar Pradesh
Gotra :-Karariwa
Height :-5 F 10 Inch
Manglik :- No
Edu. :-B.Tech (IT)
Job :-Cyber Security, Western Union, Pune
Income: 34 LPA
F.Name :-Late Shri Anil Kumar Saxena
M.Name :-Mukta Saxena
Address :-Mathura, Uttar Pradesh
Mob :- 8218367926(Mother)



VIKALP SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-12th March 1997
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :-Singh
Height :-5 feet 6 inches
Edu. :-B. Tech Mechanical (Honors) - RTU
Job :-Working with MNC
F.Name : - (Late) Sh. Anil Saxena
M.Name :-Smt. Meena Saxena
Address :-118/47, Vikramaditya Marg, Agrawal Farm, Mansarovar, Jaipur - 302020
Mob :- - 9461543216, 8619552796



VIBHOR SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-14/12/1996
T.O.B. :-3:45 PM
P.O.B. :-Biharsharif
Gotra :-Ambastha
Height :-5 F 5 Inch
Manglik :- No
Edu. :-MBA in Finance (BIMM, Pune) B.Com in Accounts Hons.
Job :-Oracle (Bangalore) Financial Analyst
F.Name :-Ajay Kumar
M.Name :-SimmiKumari
Address :-GayatriNiwas, Adarsh Nagar, Road No - 3, Phulwari Sharif,
Mob :- - 9006634367



AMISHA SINHA

MARRIAGE BIO-DATA

DOB: : 8-8-1994
BOT : 10:10 PM
POB : Sawai madhopur
Hight : 5'6".
Gotar : kashyap
Education : MA History
Father - Manoj Kumar Shrivastava
Mother -Mrs Mithlesh Shrivastava
Address- Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan.
Mobile : 9079838646, 8949354721
Only- Rajasthan MP Delhi



SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B.:-18/10/1993
T.O.B.:-07:00 PM P.O.B.:-Jaipur
Gotra:-SikanderPuria
Height :- 5 feet 11inch Manglik :-No
Education MCom
Job :-: Tele Performance Jaipur M.C.A.
Income :-3 lac
F. Name : -MadhupSaxena
Mother Name :-Maya Saxena
Address :-DadiKaFatak, Jaipur
Mob :-9772202022



AMAN SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-15/10/1993
T.O.B. :-10.30 PM
P.O.B. :- Sawai Madhopur
Gotra :- Barseriya
Height :- 5 feet 7 inch
Manglik :- No
Education : B.Com, CA, CSA-L2
F. Name :-Mr. Ashok Saxena
M. Name :-Smt. Rekha Saxena
Address :-EB 704 , Arbana Jewels Society Near Muhana Mandi, Sanganer Road, Jaipur-302029
Mob :- 94140 45265, 94140 31740



ALANKAR SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-07-06-1993
T.O.B. :- 02:30 A.M.
P.O.B. :- Agra ( UP)
Gotra :-Parnevar
Height :-5 feet 6 inches
Manglik :- yes
Edu. :- MCA, BCA, Computer Harware & Networking
Job :- IT Computer Business
F.Name :-Sh. Suresh Chandra
M.Name :-Smt. Sadhana Srivastav
Address :- 2/1291, Kudi Bhagtasni Housing Board Sector- 2, Jodhpur
Mob :- 9950125210, 9511504179



ANUPAM SHRIVASTAV

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 19 Dec. 1998
T.O.B. :- 2.51 P.M.
P.O.B. :-Shivpuri (M.P.)
Gotra :-Amrotiya
Height :-5' ft. 6" inch.
Manglik :- No
Edu. :-B.B.A. & MBA in Finance and marketing from NDIIT NEW DELHI
Job :-Account ASAHI INDIA GLASS LIMITED GURUGRAM
Annual Income:- 4.10 L.P.A.
F.Name :-Mr. Manoj Saxena
M.Name :-Late Mrs. Nidhi Saxena
Address :-Gwalior M.P.
Mob :- - 8384091352



YASH SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 5/10/1990
T.O.B. :- 9.15am
P.O.B. :-Bikaner
Gotra :-
Height :-5.5" inch
Manglik :- No
Edu. :-B Tec (Electrical Engineering)
Job :-Data Analyst at GEDU Global Education Pvt Ltd.. Noida
F.Name :-Late sh Dinesh Kumar
M.Name :-Vandana Bhatnagar
Address :-B-3/355 Sudarshan Nagar Bikaner, Rajasthan
Mob :- - 8949903293, 9314185401



ANKIT BHATNAGAR

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 04-12-93
T.O.B. :-02:05 P.M.
P.O.B. :-Jaipur, Rajasthan
Gotra :- Laloriya
Height :- 5 ft. 5 inches Manglik :- NO
Education B.Tech in CS from Poornima College,Jaipur,RTU KOTA
Job :- Senior Quality Assurance Engineer in Veritas LLC,Posted Pune
Annual income:- 20 LPA
F. Name :-Adv. Rakesh Saxena
M. Name :-Mrs.Neelima Saxena
Address :-Dev Nagar,Tonk Road,Jaipur
Mob :- 95712 16971



ER.ARUSHI SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-04/10/1999
T.O.B. :-20:12 pm
P.O.B. :-Lucknow
Gotra :-
Height :-
Manglik :- No
Edu. :-B.com (Hons), M.com, B.ed
Job :-CICI Bank as a senior officer

F.Name :-Dinesh Saxena
M.Name :-Reeta Saxena

Address :-Sitapur, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102



PRIYANKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 2_8_1986
T.O.B. :- 8.10 pm
P.O.B. :-Ajmer
Gotra :- JHAMRIYA
Height :- 5 fit 5 inch
Manglik :- No
Edu. :-PostGraduation
Job :-business construction line partner ship

F.Name :-Ashok swroop mathur
M.Name :-BEENA MATHUR
Address :-Vaishali nagar. Ajmer
Mob :- - 7976759692. 7611001658



PRASHANT SRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-25 May 1999
T.O.B. :- 04:50 A.M.
P.O.B. :- Hajipur, Bihar
Gotra :-Kashyap
Height :-5 feet 0 inches
Manglik :- No
Edu. :-B. Pharm
Job :-Regulatory Affairs Specialist at Cbayexpress Corporation (Herbishh) Nodia
F.Name :-Sh. Rajesh Ranjan Verma
M.Name :-Sarita Sinha
Address :- Bharat City, Ghaziabad
Mob :- 9319973209



Arunima

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया भगवान चित्रगुप्त जी व कलम दावत का पूजन !

कोटा, चित्रांश एक्सप्रेस । महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भटनागर ने बताया कि महासभा ने भगवान चित्रगुप्त जी और लेखनी दवात का पूजन अपने कार्यालय में किया । इस पूजन के उपरांत बैठक में निर्णय दिए गए की आने वाली गंगा सप्तमी पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उसकी तैयारी के लिए विभिन्न समितियां बनाए जाएंगी तय किया गया, आने वाले पूरे महीने में सदस्य अभियान चलाया जाएगा घर-घर संपर्क करके लोगों को महासभा के साथ जोड़ा जाएगा।

इस कार्यक्रम में सभा की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती शशि भटनागर महिला प्रकोष्ठ उपस्थिति रही। कोटा संभाग संरक्षक श्री सत्यनारायण श्रीवास्तव जिला संरक्षक श्री अशोक सेक्सना,





संभाग अध्यक्ष श्री अशोक भटनागर आता जिला अध्यक्ष सुश्री रानू सक्सेना ने भी साथ में पूजन किया, संभाग उपाध्यक्षा श्रीमति पूर्णिमा भटनागर, श्रीमती सुषमा भटनागर, जिला महासचिव श्री राजकुमार सक्सेना व भारी संख्या मे सदस्यों ने पूजनकिया।

# बारियातू में चित्रगुप्त परिवार का होली मिलन समारोह

बारियातू, चित्रांश एक्सप्रेस । रांची (झारखंड) में चित्रगुप्त परिवार बारियातू रांची द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सदस्यों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सचिव रवि कुमार वर्मा ने जानकारी दी।

कार्यक्रम में श्री सुधीर साहाय, सुजीत कुमार, रजनीश सिन्हा, राकेश रंजन , डा विकास कुमार राजेश वर्मा , अमित सिन्हा और मुख्य अतिथि डॉ सी बी साहाय उपस्थित थे।

इस समारोह में सभी सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया और होली के त्योहार की खुशियों में शामिल हुए। चित्रगुप्त परिवार बारियातू रांची के सदस्यों ने इस अवसर पर एकता और सामाजिक समरसता के महत्व पर बल दिया।



**चित्रगुप्त परिवार बारियाटू रांची के बारे में:** चित्रगुप्त परिवार बारियाटू रांची एक सामाजिक संगठन है जो रांची और आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण, सांस्कृतिक विरासत और समुदाय विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है।

# समस्तीपुर में पुरुष प्रतिभा सम्मान-2025 आयोजित

बिहार, चित्रांश एक्सप्रेस । समस्तीपुर की सामाजिक संस्था ब्लड फ़ोर्स टीम को बिहार की राजधानी पटना में द टाइगर इवेंट और केंद्रीय मानवाधिकार के द्वारा पहली बार आयोजित 'पुरुष प्रतिभा सम्मान-2025' में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बी.डी.शर्मा और केंद्रीय मानवाधिकार के बिहार सचिव रिपु राज भैया के हाथों किया गया सम्मानित। मौके पर टीम के रेगुलर ब्लड डोनर और कोर मेंबर नीतेश बरनवाल, रविन्द्र खत्री, दिवाकर यादव उपस्थित थे ।

ब्लड फ़ोर्स टीम के फाउंडर राहुल श्रीवास्तव का एक ही संकल्प है कि... 'आओ मिलकर करे एक ऐसे युग का निर्माण' 'जहां रक्त की कमी से न जाए किसी का भी जान' यह सम्मान उन




सभी रक्तवीर एवं सहयोगी साथियों को समर्पित है। जो लगातार जरूरत के समय टीम के साथ 24x7 खड़े रहते है।

# सामूहिक कलम दवात पूजन व भगवन धर्मराज चित्रगुप्त की महाश्रंगार आरती




कोटा ( विकास सक्सेना ) चित्रांश एक्सप्रेस। कोटा जंक्शन हाट रोड पर धर्मराज चित्रगुप्त मन्दिर, बालाजी प्रांगण मे श्री कायस्थ सभा व ट्रस्ट कोटा, राजस्थान कायस्थ महासभा, राष्ट्रीय कायस्थ महापृरिष्द ने भगवान चित्रगुप्त की कथा , पूजन , श्रृंगार आरती ,महाप्रसादी का आयोजन सामूहिक सपरिवार किया व् धर्मराज चित्रगुप्त मन्दिर प्रांगड मे पूजन उपरांत बैठक का आयोजन किया जिसमे श्री कायस्थ सभा कोटा के अध्यछ सत्यनारायण श्रीवास्तव ने आगामी कार्यक्रमों के कार्यो पर रूपरेखा बताई व भवन को धर्मराज अवतरण दिवस पर बुकिंग नही करने की घोषणा की . श्री कायस्थ सभा ट्रस्ट के कोशा. गोपाल जी ने सुधार हेतु उचित कदम उठाने का प्रस्ताव रखा, इस दोरान सचिव आमोद कुदेशिया, उपा. रोहित सक्सैना, राजस्थान कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव पंकज मोहन सक्सेना, प्रदेश उपाधयक्छ रानी श्रीवास्त्व संभाग प्रभारी सचिव अरुणा ने भगवन धर्मराज चित्रगुप्त जी का अवतरण दिवस 7 अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाने पर जोर दिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष डी के सक्सैना, सचिव राजीव माथुर, जिला उपाधयक्छ सुमित माथुर, प्रदेश स्युक्त सचिव विवेक सक्सेना अटल, सहसचिव संजय श्रीवासत, ट्रस्ट सह मन्त्रीविजय सक्सेना, ट्रस्ट सहसचिव जयेश माथुर ने आगामी 30 मार्च को नवसंवत पर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई सभी पदाधिकारियो ने कार्यक्रम सम्पन्न कराने मे सहयोग दिया।


# गरीब लड़कियों के विवाह में आर्थिक मदद




रसड़ा, चित्रांश एक्सप्रेस । रसड़ा बलिया गरीब जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से श्री चित्रगुप्त कायस्थ फाउंडेशन गरीब परिवार की कन्याओं की शादी विवाह करने में हाथ बटा रहा है। वैसे तो लड़कियां हर घर का चिराग होती है। लेकिन आज भी कई ऐसे परिवार हैं। जिन्हें आर्थिक परिस्थितियों या अन्य किसी समस्याओं के चलते लड़कियों की शादी करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में श्री चित्रगुप्त कायस्थ फाउंडेशन रसड़ा के तत्वाधान में गरीब लड़कियों के विवाह में आर्थिक मदद के लिए हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। जिससे श्री चित्रगुप्त कायस्थ फाउंडेशन ने शुक्रवार को रसड़ा स्थित श्री गिरिजा मंडप मैरिज हॉल में एक गरीब कन्या का विवाह कराया। रसड़ा के छितौनी निवासी स्व. श्री रमेश चंन्द्र श्रीवास्तव की सुपुत्री खुशी श्रीवास्तव का विवाह लखनऊ के विवेक श्रीवास्तव के साथ संपन्न हुआ फाउंडेशन ने दुल्हन को सभी आवश्यक गृहस्थी सम्मान भी प्रदान किया विवाह में हिंदू रीति रिवाज का पूरा ध्यान रखा गया फाउंडेशन के संस्थापक आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि हर साल फाउंडेशन हर तरह के गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में मदद करता है इसने काम में स्थानीय समाज के लोगों ने भी चढ बढ कर योगदान देते हैं इसमें मुख्य रूप से प्रशांत, अनूप, दयाल, शरण निषिध ,पंकज, प्रदीप, अवधेश ,शैलेश , सचिन, रमेश, प्रभात, हिमांशु ,आशीष ,रवीश, इंद्रमणि आदि ने आर्थिक सहयोग करते हुए शादी को संपन्न कराया।

# सिंधिया दरबार के कानूनगो रहने वाले जमींदार गौरीशंकर श्रीवास्तव जी के स्वाभिमानी तेवर







रमेशचंद श्रीवास्तव, जमींदार के पोते

चित्रांश एक्सप्रेस । एक कौड़ी जुर्माना ना देकर करोड़ों का पुल बनवा दिया क्योंकि उन्हें एक कौड़ी का जुर्माना देना उन्हें उनके स्वाभिमान को ठेस महसूस हो रहा था इसलिए उन्होंने करोड़ों का पुल बनवाना स्वीकार किया मगर एक कौड़ी जुर्माना देना अपनी शान के खिलाफ समझा और 167 साल पुराना ये पुल आज भी सही सलामत चल रही है। इत्र वाले का गौरीशंकर श्रीवास्तव के नौकरों से बहस हो जाने के बाद जब ये बात गौरीशंकर श्रीवास्तव को पता चली तो उन्होंने चार हजार चांदी के सिक्के से पूरा इत्र खरीदकर उसे अपने हवेली पर छीड़कवा दिया।

माधवराव सिंधिया को जब इसकी खबर लगी तो जमींदार गौरीशंकर श्रीवास्तव को दरबार में बुलावाया मगर वो उपस्थित नही हुए फिर कानूनगो की पदवी अनुसार उन्हे बग्घी और 15 सैनिकों के साथ बुलवाया गया पर वो उपस्थित हुए....... महाराज के आदेश का पालन ना करने के कारण श्रीवास्तव जी को एक कौड़ी का जुर्माना लगाया गया जिसे अपने शान के खिलाफ समझ उन्होंने नही भरा बदले में करोड़ों की पुल बनवा दी आज भी 167 साल पुराना ये पुल स्वाभिमान के पुल के नाम से जाना जाता है।

Amit Saxena
9468957703
VOLTAS
MITSUBISHI ELECTRIC
acer
GENERAL
Haier
BOSCH
SAMSUNG
HITACHI
COOL POINT ENGINEERS
Deals in : Air Conditioners, Miccrowave LED, Refrigerator, Washing Machine
10/7, Swarn Path Crossing, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur - 302020
Phone : 0141-2786263 | E-mail : coolpointjaipur@gmail.com

# कायस्थ शिरोमणि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अपमान नहीं सहेगा – कायस्थ समाज




मुरादाबाद, ( बॉबी सक्सेना ) चित्रांश एक्सप्रेस । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का कुशल नेतृत्व करने वाले डॉ अनूप कुमार श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के निर्देश पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा मुरादाबाद में कायस्थ शिरोमणि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चेहरे पर काला कलर फेंकने के संबंध में जिला अधिकारी महोदय अनुज कुमार सिंह जी एसपी सिटी महोदय रणविजय सिंह जी को ज्ञापन दिया गया जिसमें दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई जिसमें मुख्य रूप से रहे नरेंद्र प्रसाद सक्सेना जी संरक्षक बॉबी सक्सेना जी राष्ट्रीय महासचिव संगठन राजेंद्र प्रसाद सक्सेना जी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय सक्सेना जी प्रदेश महासचिव अखिलेश सक्सेना जी जिला प्रभारी अनूप भटनागर जी जिला अध्यक्ष रवि सक्सेना जी जिला महासचिव सूरज सक्सेना जी जिला उपाध्यक्ष पवन जी जिला उपाध्यक्ष अतुल सक्सेना जी जिला सचिव अखिल सक्सेना जी जिला सचिव डॉ. गौरव श्रीवास्तव जी उपसभापति नगर निगम अशोक सक्सेना जी एड पूर्व बार अध्यक्ष मुरादाबाद अभिषेक जी वर्तमान महासचिव बार एड कुलभूषण सक्सेना जी एड डी पी सक्सेना जी, विनीत सक्सेना जी , गौरव भटनागर, अक्षय श्रीवास्तव जी , अमन सक्सैना जी अध्यक्ष महानगर युवा अंकित सक्सेना जी अमर सक्सेना मीडिया प्रभारी बबलू श्रीवास्तव जी यश सक्सेना जी अमन भटनागर जी आदि मौजूद रहे ।

## चित्रांश एक्सप्रेस व अभाकाम की ओर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



श्री देवेश श्रीवास्तव अध्यक्ष भाजपा महानगर गोरखपुर नियुक्त



श्री अधीर सक्सेना महानगर अध्यक्ष भाजपा बरेली नियुक्त



श्री आशीष श्रीवास्तव महानगर अध्यक्ष भाजपा प्रतापगढ़ नियुक्त

## 23 मार्च को होली मिलन समारोह मनायेगा कायस्थ समाज



जौनपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ समाज बैठक चित्रगुप्त धर्मशाला रूहटा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन अखिल भारतीय चित्रांश महासभा जौनपुर के जिला महासचिव विश्वप्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी सीआरओ अजय अंबष्ट ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त के मंदिर में पूजन कर आज मैं धन्य हो गया मंदिर हित में जो भी कार्य होगा उसे निष्ठापूर्वक पूरा किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि सभी संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह / शपथ ग्रहण समारोह 23मार्च रविवार को शाम 4बजे से सिद्धार्थ उपवन जेसिज चौराहे में आयोजित किया गया है। जिसमें कार्यक्रम संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष कायस्थ महासभा 7235 के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रमोहन श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव कायस्थ महासभा 7235 के राकेश श्रीवास्तव साधु, राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया, प्रदेश संगठन मंत्री उमेश श्रीवास्तव फूफा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश अस्थाना, कायस्थ महासभा 7235 के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष डॉ. उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव, कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा अज्जू, राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के जिला अध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव दादा पूर्व बैंक अधिकारी कार्यक्रम संयोजक बनाए गए।


## डेंगु एवं मलेरिया का प्रभावी ईलाज

**HOMOEOPATHIC CHIKISTA KENDRA**



Dr. B.C. Saxena
B.Sc. D.H.M.S.
(Heart & General Physician)
Mob.: 98281-59170

विशेषज्ञ :
हृदय रोग, पाइलस, अल्सर पथरी, बच्चों के रोग, स्त्री रोग

38/17, Madhyam Marg, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur-302020
E-mail : brijesh.sexena1@gmail.com

Timing Summer : 8 -12 am 5 - 8 pm
Winter : 9 -1 am - 5 - 8 pm
Sunday Evening Closed


## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



# स्व. श्री देवी प्रसाद सक्सेना

शोकाकुल:
माता प्रसाद सक्सेना ( भाई ), नवीन, प्रवीण , धर्मेन्द्र, जितेन्द्र, महेंद्र, वरुण ( पुत्र ), नक्ष ( पोत्र ) एव सक्सेना परिवार

## चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

डॉ. अरुण सक्सेना — संपादक | रवि माथुर — सह- संपादक | धर्मेन्द्र जौहरी — संरक्षक

## अभाकाम संस्था

अजीत सक्सैना — अध्यक्ष, अभाकाम संस्था | रतन सक्सैना — उपाध्यक्ष, अभाकाम संस्था | सुनील कुमार श्रीवास्तव — संगठन सचिव, अभाकाम संस्था

शियाने राधेगोविन्द माथुर — अध्यक्ष, नलिनी फाउडेण्शन | मधुप कुमार सक्सैना — कोर्डिनेटर, अभाकाम संस्था | शंशाक माथुर — सचिव, अभाकाम संस्था


नलिनी फाउंडेशन
एक पहल शिक्षा एवं स्वास्थ्य की ओर

## "नलिनी शिक्षा सहायता योजना"




स्व. श्रीमती नलिनी माथुर
23.9.1959 - 01.6.2021

शिक्षा की ताकत के साथ पिछडों का समाजिक उत्थान में विश्वास करते हैं। हमारी नवीनतम पहल "नलिनी शिक्षा सहायता योजना" का उद्देश्य सिंगल पेरेन्ट (मां) वाले परिवारों को उनकी बेटियों की शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करना है।

इसके साथ ही इस योजना के अन्तर्गत दिव्यांग छात्रों को भी आर्थिक सहायता प्रदान कर अपनी क्षमतानुरूप कार्य करने हेतू प्रेरित किया जाएगा।

हमें विश्वास है की हमारा ये छोटा सा प्रयास एक अक्षम को सक्षम कर उसके सपनों को पूर्ण करने में एक अहम भूमिका निभाएगा।



आवेदन प्रक्रिया पूर्णत:पारदर्शी एवं आनलाईन है। आवेदक के दस्तावेज़ सत्यापन के बाद चयन समिति द्वारा चयनित आवेदकों नलिनी फाउण्डेशन द्वारा अवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। मैसेज शेयर कर पात्र परिवारों को प्रेरित करें।

अधिक जानकारी के लिए लिंक पर क्लिक करें:

https://www.nalinifoundation.org/nalini-shiksha-sahayata

शिहान राधे गोविन्द माथुर # +91 98280 71297

सम्पर्क सूत्र :+91 95090 90666, 9649990555

CHITRANSH EXPRESS.IN

कायस्थ समाज को समर्पित

# चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

जयपुर, रविवार 16 मार्च 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 2 | अंक : 93 (पेज - 7)

## सादर निमंत्रण

राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद (रजि0) द्वारा आयोजित

# होली मिलन समारोह

एवं

# कवि सम्मेलन



इं0 मयंक श्रीवास्तव

बुधवार, 19 मार्च, 2025

समयः सायं 6 बजे से 9.30 बजे

**प्रीतिभोजः**

रात्रि 9.30 बजे से आपके आगमन तक

**स्थानः**

चित्रगुप्त धर्मशाला, 158-सी-ब्लाक, गोविन्द नगर, कानपुर (निकट फुडी-गुडी रेस्टोरेंट के पीछे)

में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**आपके आगमन की प्रतिक्षा में**

महेन्द्र निगम (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)

राजेश श्रीवास्तव (प्रदेश अध्यक्ष (उ0प्र0) एवं भाजपा नेता

सौरभ श्रीवास्तव (युवा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष)

राजीव श्रीवास्तव (राष्ट्रीय सचिव)

प्रतीव निगम (लीगल एडवाइजर)



विनीतः

**इं0 मयंक श्रीवास्तव**

राष्ट्रीय अध्यक्ष, रा0का0म0प0

उद्योगपति, वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद्

उद्योग साझीदार- डी.आर.डी.ओ. रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

R&D साझीदार- रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

तकनीकी सलाहकार- मानव संस्थान मंत्रालय भारत सरकार

**अध्यक्ष-**

- श्रीवास्तवा मिल लिमिटेड
- पी.एन.एस. फार्मास्यूटिकल्स प्रा.लि.
- मेघालय फार्मास्यूटिकल्स प्रा.लि.
- कौशल्या इण्डस्ट्रीज
- स्पेशल क्लोदिंग्स • बेस्ट फैब्रिक्स
- वैष्णवी क्लोदिंग्स